ओआईएच

भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 239

दिनांक 16 दिसम्बर, 2025

अधिक उपज देने वाले बीज संबंधी राष्ट्रीय मिशन

***239. श्री कौशलेन्द्र कुमार:**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 2025-2026 के बजट भाषण में क्रम संख्या 19 में घोषित उच्च उपज देने वाले बीज संबंधी राष्ट्रीय मिशन के प्रस्ताव में डा. राजेन्द्र प्रसाद कृषि केन्द्रीय विश्वविद्यालय, पूसा, बिहार को शामिल किया गया है; और

(ख) सरकार द्वारा घोषित 100 से अधिक बीज किस्मों में कौन-कौन सी फसलों के बीजों को शामिल किया गया है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री
(श्री शिवराज सिंह चौहान)

(क) एवं (ख): विवरण सभा के पटल पर प्रस्तुत है।

****

"अधिक उपज देने वाले बीज संबंधी राष्ट्रीय मिशन" से संबंधित लोक सभा के दिनांक 16.12.2025 के तारांकित प्रश्न सं. 239 के भाग (क) एवं (ख) से संबंधित विवरण

(क): अधिक उपज वाले बीज संबंधी राष्ट्रीय मिशन पर बजट घोषणा 2025-26 में डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, बिहार सहित अन्य केंद्रों के बारे में उल्लेख नहीं है। इन केंद्रों को हितधारकों के साथ परामर्श और व्यय विभाग एवं नीति आयोग सहित केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों द्वारा मूल्यांकन के आधार पर शामिल किया जाता है। मिशन के अनुसंधान कार्यों में तिलहन, दलहन एवं चयनित अन्य फसलों पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है।

(ख): माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा 109 किस्मों को राष्ट्र को समर्पित किया गया जिसमें 34 खेत फसलों की 69 किस्में शामिल हैं यथा [अनाज (23): चावल-9, गेहूं-2, जौ-1, मक्का-6, ज्वार-1, पर्ल मिलेट-1, फिंगर मिलेट-1, प्रोसो मिलेट-1, बार्नयार्ड मिलेट-1; दलहन (11): चना-2, अरहर-2, मसूर-3, मटर-1; फाबाबीन-1, मूंग-2; तिलहन (7): कुसुम-2, सोयाबीन-2, मूंगफली-2, तिल-1; चारा फसलें (7): चारा बाजरा-1, बरसीम-1, जई-2; चारा मक्का-2, चारा ज्वार-1; शर्करा फसलें (4): गन्ना-4; रेशा फसलें (6): कपास -5, जूट -1; संभावित फसलें (11): कुट्टू -1, चौलाई -4, विंग्ड बीन -1, अडजुकी बीन -1, पिलिपेसरा -1, कलिंगडा -1, पेरीला -2 तथा 27 बागवानी फसलों की 40 किस्में यथा [फल (8): आम -3, अनार -1; अमरूद -2, बेल -1, पमेलो -1; सब्जी फसलें (8): टमाटर -2, लौकी -1, भिंडी -1, भारतीय बीन्स -2, खरबूजा -1, तरबूज -1; कंद फसलें (3): आलू -3; मसाले (6): जायफल -1, छोटी इलायची -2, सौंफ -1, अजवाइन -1, मैंगो जिंजर-1; रोपण फसलें (6): कोकोआ -2, काजू -2, नारियल - 2; फूल (5): गेंदा - 1, ट्यूबरोज़ - 1, क्रॉसेंड्रा - 1, ग्लेडियोलस - 2; औषधीय पौधे (4): वेलवेट बीन - 2, अश्वगंधा - 1, मंडुकपर्णी - 1]

****